प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कोलकाता के अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अदालत देशभर से डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय कार्यबल सृजित कर रही है। यह कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से दो दिनों के भीतर जांच की स्टेट्स रिपोर्ट सौंपने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।

*******************

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। इस पत्र में मंत्रालय ने प्रवेश, निकासी, गलियारे तथा संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट

*******************

इधर, इस घटना के विरोध में झारखंड में जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण राज्य भर में चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हुई हैं। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि अब तक दस हजार से अधिक मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल रहा है। रांची के रिम्स में भर्ती चार सौ से अधिक मरीजों ने अस्पताल खाली कर दिया है क्योंकि उन्हें डॉक्टरों से इलाज नहीं मिल रहा था। ओपीडी सेवा ठप होने से हर दिन काफी संख्या में मरीज वापस लौट रहे हैं। इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की झारखंड शाखा के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

*******************

पलामू जिला स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने पोखराहा स्थित तीन गांवों में निवास करने वाले लोगों के बेहतर स्वास्थ्य का जिम्मा लिया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी से नौकरशाही में लेटरल एंट्री से जुड़े विज्ञापन को रद्द करने को कहा है। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की नियुक्ति के लिए एक विज्ञापन जारी किया था, जिस पर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए हैं। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखकर विज्ञापन रद्द करने को कहा है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोटरसाइकिल, कारतूस और लेवी वसूले जाने संबंधी कई दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि पीएलएफआई के दो सदस्य भागने में सफल रहे जबकि याकूब टूटी नाम के उगद्रवादी को पकड़ा गया है। जिले के कई थानों में इसके खिलाफ पांच मामले भी दर्ज हैं।

******समाप्त******